>

Title : Need to cover all the villages in Bundelkhand area including Banda and Chitrakoot districts of Uttar Pradesh under Rajiv Gandhi Gram Vidyutikaran Yojana.

श्री आर.के.सिंह पटेल (बांदा): सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान एक अविलंबनीय लोक महत्व के विषय की ओर कराना चाहता हूं। भारत सरकार द्वारा संचालित राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के लिए माननीय ऊर्जा मंत्री जी ने पिछले वित्तीय वर्ष में सदन में घोषणा की थी कि सौ से अधिक की आबादी वाले सभी मजरे पूर्वे गांवों को बिजली वर्ष 2012 तक पहुंचा दी जाएगी। लेकिन वर्ष 2012 तक बिजली पहुंचाना तो दूर उत्तर प्रदेश के बांदा और चित्रकूट सहित पूरे बुंदेलखण्ड में जहां पिछड़े क्षेत्र में बसावट दूर-दूर है और अभी तक इस योजना की शुरूआत भी नहीं हुई है। दूर-दूर बसे हुए बुंदेलखण्ड के बांदा एवं चित्रकूट जिले के सौ से अधिक की आबादी वाले पूर्वे मजरे गांवों का विद्युतीकरण किया जाना जनहित में अतिआवश्यक है।

अत: मैं इस लोक महत्व के विषय पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए मांग करता हूं कि उत्तर प्रदेश के जनपद बांदा व चित्रकूट सहित बुंदेलखंड के पूरे क्षेत्र में सौ से अधिक की आबादी वाले सभी गांवों, पूर्वों एवं मजरों का विद्युतीकरण राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना से तत्काल कराए जाने के निर्देश जारी करने का कष्ट करें।

सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।